स्पीड न्यूज

## मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक बच्चा घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा मरकच्चो के समीप सोमवार को मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कर्बलानगर निवासी महिला 6 वर्षीय बच्चे को साथ लेकर जा रही थी, इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार ने बच्चे को अपने चपेट में ले लिया और बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। वहीं घायल बच्चे की पहचान समीम अंसारी का पुत्र सकिबुल हसन ग्राम कर्बलानगर निवासी के रूप में किया गया। प्रत्यसदर्शियों ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार युवक अपनी मोटरसाइकिल जेएच01सीजे/1568 से मरकच्चो मुख्यालय की ओर जा रहा था, इसी दौरान बच्चा अचानक दौड़ गया।

## जमीन समस्या को लेकर उपायुक्त को दिया आवेदन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दरदाही थाना नंबर 127, खाता नंबर 24, प्लॉट संख्या 40, रखवा 20 डिसमिल गैरमजरूआ जमीन का नाजायज तरीके से फर्जी कागजात के आधार पर दाखिल खारिज करने तथा नामांतरण शुद्धीकरण पत्र निर्गत करने को लेकर संतोष यादव ने उपायुक्त को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। दिये गये आवेदन में संतोष ने कहा है कि प्रखंड के राजस्व उप निरीक्षक एवं राजस्व निरीक्षक अंचल मरकच्चो के आलोक शर्मा के द्वारा उपरोक्तजमीन को गलत तरीके से फर्जी कागजात बना दिया गया।

## मोदी वर्णवाल समाज ने बाइक रैली सह शोभायात्रा निकाली

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अहिबरन जयंती को लेकर मोदी वर्णवाल समाज ने सोमवार को झुमरीतिलैया शहर में बाइक रैली सह शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के जिला अध्यक्ष रामेश्वर मोदी ने की। रैली की शुरुआत मोदी सेवा सदन राजगढ़िया रोड से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया, जिसमे मुख्य रूप से रामेश्वर मोदी, डॉ.विकास चंद्रा, डॉ.प्रमोद कुमार, डॉ.रंजीत वर्णवाल शामिल थे।

## आत्महत्या का प्रयास

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोचनपुर में सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक युवक ने सल्फास खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार लोचनपुर निवासी 32 वर्षीय संदीप कुमार पिता स्व कृष्णा प्रसाद आपसी घरेलू विवाद में गुस्से में आकर सल्फास खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में मृत युवकों के घर पहुंची डॉ.नीरा बंधायी ढाढस

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बरियाडीह मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित पिपराडीह के समीप मिनी ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार पिकनिक मनाने जा रहे चार युवकों में दो युवक की मौत हुई व दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। मौत के बाद मंगलवार को स्थानीय विधायक डॉ.नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, भाजपा नेता रमेश सिंह मृतक के परिजन व घायल युवक के परिजन से मुलाकात की एवं ढाढस बंधाया तथा हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया।

## नुक्कड़ नाटक के जरिये दिया जा रहा पानी बचाने का संदेश

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटिया पंचायत स्टेशन रोड में जल जीवन मिशन, हर घर जल शक्ति मंत्रालय (भारत सरकार) पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (झारखंड सरकार) आईईसी गतिविधि के अंतर्गत क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक कर सोमवार को पानी बचाओ को लेकर सरकार के द्वारा मुहिम चलाकर ग्रामीणों को जल संचयन एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर आमजन को जल के महत्व को समझाया और ग्रामीणों से कहा कि जल है तो कल है, इसे व्यर्थ ना जाने दें और इसे हर हाल में बचाने का कार्य करें, इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### उपायुक्त ने कोविड आगमन से बचाव एवं पूर्व तैयारी की जायजा को लेकर की बैठक

# बाहर से आये व संदिग्ध लोगों का कोविड टेस्ट करें : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** कोविड-19 से बचाव के लिए उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने निदेश दिया कि सभी सरकारी कार्यालयों में कर्मियों के लिए मास्क अनिवार्य हो। साथ ही उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं मरीज भी अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, क्योंकि इस जगह से कोविड वायरस की फैलने की संभावना ज्यादा रहती है। निरीक्षण के क्रम में बिना मास्क पाए कर्मियों पर कार्रवाई किये जाने की बात कही। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया कि वे अपने अपने सार्वजनिक क्षेत्र में मास्क लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को निदेश दिया कि वे जिले में टेस्टिंग की संख्या बढ़ाएं, बाहर से आये लोगों एवं संदिग्ध लोगों का अनिवार्य रूप से टेस्ट करें और उनका ईलाज प्रारम्भ कर दें।

साथ ही उनके कांटेक्ट ट्रेसिंग पर भी ध्यान देने की बात कही ताकि इसके फैलाव को रोका जा सके। उपायुक्त ने सभी बीडीओ एवं सीओ को निदेश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर वहां कोविड से निबटने के लिए हरसंभव व्यवस्था दुरुस्त कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि किसी भी तरह के आपदा से ससमय निबटा जा सके। उपायुक्त ने संभावित कोविड के आगमन को देखते हुए सदर अस्पताल पदाधिकारियों को बच्चों के लिए कोविड वार्ड को तैयार करने का निदेश दिये। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, डीटीओ भगीरथ प्रसाद, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी सहित जिले के सभी सीओ उपस्थित थे।

## एनटीसीए और ज्ञान भारती बेलचम्पा की जीत



पुरस्कार देते प्रतियोगिता के सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में पांचवे दिन खेले गए दो अलग अलग मैच में एनटीसीए की टीम ने टेंडर हार्ट स्कूल को दस विकेट से हरा दिया।

## समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा विकास की किरण: सत्यानंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** सुशासन सप्ताह कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राज्य के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता गिद्धौर पहुंचे। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ संजीत कुमार सिंह और अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने बुके देकर मंत्री का स्वागत किया। मंत्री गुड गवर्नेंस वीक के उपलक्ष्य में प्रखंड प्रशासन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। पूरे राज्य में गुड गवर्नेंस वीक मनाया जा रहा है। जिसके तहत समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। सरकार सभी वर्गों के कल्याण पर कार्य कर रही है। चतरा जिले के सभी प्रखंडों में समुचित विकास हो रहा है। मंत्री ने यहां कई जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल, सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र, छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र, सावित्रीबाई फुले योजना के तहत बालिकाओं के बीच स्वीकृति पत्र, ट्राई साइकिल, पशुधन योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया।



## नही मिला आत्महत्या का सुराग, सीने में दर्द के कारण हुई युवती की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह में सोमवार की अहले सुबह करीब 4 बजे 19 वर्षीय युवती के द्वारा अपने घर के छत पर खुद के ऊपर केरोसीन तेल डालकर आत्महत्या करने का मामला सोशल मीडिया में चलने के बाद सुबह 10 बजे घटना की सूचना डोमचांच पुलिस को मिलने के बाद प्रभारी थाना प्रभारी संजय शर्मा, एसआई विनय कुमार, एएसआई इसराज अहमद थाना पुलिस बल के साथ मामले की जांच करने नावाडीह निवासी संतोष शर्मा के घर पहुंचकर पूरे घटना की जांच की। जहां पता चला कि संतोष शर्मा की 19 वर्षीय बेटी ज्योति कुमार के सीने में दर्द होने की वजह से उसकी मौत हो गई है। मृतक युवती के पिता संतोष शर्मा ने बताया कि मेरी बेटी का मानसिक संतुलन कुछ ठीक नहीं था। बीती रात अचानक उसके सीने में दर्द हुआ और उसकी मौत हो गई। वहीं उन्होंने बताया कि सुबह उसका दाह संस्कार भी कर दिया। वहीं एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस ने लड़की के रूम और छत की जगह की जांच की, जिसमें पुलिस को किसी भी तरह का कोई सुराग नहीं मिला।

## डॉक्टर की उपस्थिति नहीं, मरीज लाभ से वंचित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



आयुष हेल्थ एंड वैसनेस सेंटर

**मझिआंव।** केंद्र सरकार के द्वारा संचालित सबसे महत्वकांक्षी एवं जन उपयोगी योजनाओं में से एक आयुष्मान भारत के तहत संचालित आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर से अनुपस्थित चिकित्सकों के कारण क्षेत्र के मरीज लाभ से वंचित रह रहे हैं। विदित हो कि पिछले आठ नवंबर को केंद्र एवं राज्य स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की जांच की गई थी। प्राप्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताते चलें कि इससे पूर्व मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के मोरबे में आयुष्मान भारत के तहत संचालित आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का भवन नहीं रहने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर चलाया जा रहा है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार ड जावेद अख्तर सीएचओ की डियूटी आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर मोरबे में लगाई गई है। लेकिन यह सेंटर दिखावे के लिए चल रहा है। क्योंकि डक्टर अपनी ड्यूटी नहीं निभा रहे हैं। वहीं जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित डॉ जियाउल हक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि डॉक्टर 8 से 10 दिन पहले आए हुए थे, लेकिन आज सोमवार को नहीं आए हैं। जानकारी के अनुसार केंद्र की सबसे जनोपयोगी एवं महत्वकांक्षी योजनाओं में आयुष्मान भारत की आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में उपस्थित डॉक्टरों को प्रतिदिन मरीजों को बीपी, सुगर आदि मरीजों की जांच निरंतर करना है। लेकिन चिकित्सकों के अनुपस्थिति के कारण कार्य निरंतर पेंडिंग चल रहा है। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दिखाने गए ग्रामीण रामचंद्र साह एवं मनबोा यादव ने बताया कि बीपी शुगर नापने वाले डॉक्टर आये नहीं हैं जिसके कारण हम सभी लोगों को वापस घूम कर जाना पड़ रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कृष्ण कुमार ने बताया कि चिकित्सकों की उपस्थिति बराबर हो रहा है। अगर जो डॉक्टर उपस्थित नहीं हो रहे हैं। उनके खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला स्तरीय कोविड टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में बैठक करते हुए उपायुक्त अबु इमरान ने स्वास्थ्य विभाग को कोविड टेस्ट बढ़ाने का निदेश दिया है।उन्होंने कहा है कि बाहर से आनेवाले सभी आगंतुकों का अनिवार्य रूप से टेस्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि कोविड के लक्षण पाए जाने पर अविलंब उसका कोविड गाइडलाइंस के अनुसार ट्रीटमेंट प्रारम्भ कर दें। साथ ही कोविड मरीजों के संपर्क में आये लोगों की ट्रैकिंग भी अनिवार्य रूप से करें ताकि इसके फैलाव पर नियंत्रण किया जा सके। टीकाकरण पर जोर देते हुए उन्होंने छूटे हुए लोगों को वैक्सीन करने का निदेश दिया।

## देश की आजादी से लेकर देश के उत्थान में मोमिनों की महती भूमिका रही है: मोमीन कांफ्रेंस

### हाजी सेराज उद्दीन अंसारी की अध्यक्षता मोमीन कान्फ्रेस की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड के डाक बंगला परिसर स्थित भवन में मोमीन कांफ्रेंस की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हाजी सेराज उद्दीन अंसारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सांसद प्रतिनिधि मो बेलाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कांफ्रेंस के सीनियर लीडर हाजी हाशिम अंसारी, मो अनवर अंसारी,मो अमानुल्लाह अंसारी, मो हैदर अली, मो इदरीस अंसारी उपस्थित थे। मौलाना जुलकरनैन अहमद ने बैठक के संचालन से पुर्व कुरान पाक की तेलावत से बैठक की शुरूआत की। प्रखण्ड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए मोमीन कान्फ्रेस के प्रबुद्ध लोगों ने अपने संबोधन में कहा कि देश की आजादी से लेकर देश की उन्नति में मोमीन कांफ्रेंस के नेताओं ने महती भूमिका निभाई है। मोमीन कांफ्रेंस के नेताओं का देश एवं राज्य की सरकार बनाने में योगदान रहा है। बनारस की साड़ी, फिरोजाबाद का ताला, फैजाबाद की चूड़ी, बुनकरों के द्वारा निर्मित खादी वस्त्र के अतिरिक्त इनके शिल्पकारी के हुनर ने देश के उत्थान में काफी योगदान रहा है। देश की सब से बड़ी अल्पसंख्यक समुदाय होने के बावजूद भी आज समाज में हाशिए पर है। मोमिन कान्फ्रेस सरकार बनाने और सत्ता से सरकारों को बाहर करने की हैसियत रखती थी। परंतु आज यह सामाजिक, राजनीतिक आर्थिक और शैक्षणिक हैसियत से काफी पिछड़ गया है। जितनी भी सरकारें आईं सभो ने सिर्फ आश्वासन और दिलासा देकर अपना कार्यकाल पुरा करती रही है। अल्पसंख्यकों के उत्थान से किसी को सरोकार नहीं रहा। आगे कहा गया की वोट के समय राजनीतिक करने वाले लोग भाजपा का खौफ देखा कर वोट हासिल कर इसको उसी हाल में छोड़ देते हैं। चतरा के राजद विधायक सह मंत्री को अल्पसंख्यकों ने बड़े पैमाने पर वोट देकर जीता तो दिया लेकिन मिला किया आज वही लोग उनके आगे पीछे हैं जो पहले थे। अल्पसंख्यकों से वह मिलना तक नहीं चाहते काम तो दुर की बात है। मंत्री के अब तक के कार्यकाल में चंद लोगों को छोड़ कर एक भी काम अल्पसंख्यकहित का नही हुआ। किसी भी अल्पसंख्य के दुःख सुख में शामिल नहीं हुए। उनके फंड के दर्जनों काम का रेकर्ड दौड़ रहा है लेकिन उस में किसी भी अल्पसंख्यक समुदाय का नही है। सैंकड़ों अंबेडकर आवास, गाय शेड आए लेकिन हिस्सेदारी सिफर रहा।कब्रिस्तान का फाइल महीनो से जिला कल्याण में पड़ा है मंत्री के कहे जाने के बावजूद अब तक कल्याण मंत्रालय को नहीं भेजा गया है। लोगों ने मोमीन कांफ्रेंस को सशक्त, मजबूत और शक्तिशाली बनाने पर जोर दिया।आपसी तालमेल और सहयोग से अल्पसंख्यक को जोड़ कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत मामला उठाने की बात कही गई। मुख्य अतिथि मो बेलाल ने कहा की चतरा के लोक प्रिय सांसद डा० सुनील कुमार सिंह ने अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए कई लंबित योजनायों को धरातल पर उतरना चाह रहे हैं जिस में आपकी सहभागिता से ही संभव है। अपने अपने क्षेत्र के कामों का एक लिस्ट उपलब्ध कराया जाय ताकि काम को आगे बढ़ाया जा सके। शोषित इंकलाब पार्टी के बिहार प्रदेश के अध्यक्ष हाजी औरंगजेब आलम उर्फ राजू ने भी एकता पर बल दिया। बैठक को सफल बनाने में मो जकी, मो इमरान, मो सोनू, मो शमीम, मो हैदर, मो फैयाज, मो ओबैदुल्लाह, मो फैजान, मो मोनू, मो सरफराज,मो सनी, मो सन्नू, मो चुन्नू के अतिरिक्त दर्जनों लोगों ने महती भूमिका निभाई।

एक नजर में

## हाइवा के चपेट में आने से एक चालक की मौत

**टंडवा।** मगध कोल परियोजना अंतर्गत चमातू कोलियरी के लोडिंग पॉइंट में हाइवा की चपेट में आने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कमता गांव निवासी रविन्द्र महली ने 36 नम्बर लोडिंग पॉइंट में हाइवा में कोयला लोड करवाने के लिए चालक उतरा था। इसी दौरान दूसरे हाइवा ने अपने चपेट में ले लिया, जहां उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचा एवं शव को अपने कब्जे में लेकर भेजा पोस्मार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया। इधर आक्रोशित ग्रामीण एवं परिजनों ने नॉकरी व मुआवजा मांग को लेकर कोयला ढुलाई बाधित कर दिया। एवं सीसीएल प्रबंधन के प्रति आरोप लगाते हुवे कहा कि कोलियरी क्षेत्र में बेगैर सुरक्षा मानकों का पालन वाहनों की संचालित होती है। सुरक्षा के ख्याल नहीं रखने से हो रही है लगतार दुर्घटनाएं। घण्टों बीत जाने के बाद आपसी समझौता किया गया जिसें मगध प्रबंधन द्वारा दो लाख एवं हाइवा मालिक द्वारा एक लाख रुपया सहयोग राशि देने पर सहमति बन एवं जाम हट गया।

## वीर बाल दिवस पर बच्चों ने निकाली रैली

**गिद्धौर (चतरा)।** वीर बाल दिवस के मौके पर सोमवार को एकल विद्यालय के बच्चों ने गिद्धौर में रैली निकली। रैली गिद्धौर मुख्य चौक से शुरू होकर सम्पूर्ण गांव का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चो ने साहसी व सच्चा होने को लेकर कई नारे भी लगाए। रैली में एकल विद्यालय के आचार्य किरण देवी सहित अन्य युवक व छोटे बच्चे शामिल थे।

## शीघ्र निपटारा करे पदाधिकारी : डीसी

**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में पीएमजी पोर्टल पर धारित परियोजनाओं के समस्याओं का निष्पादन हेतु समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, गैर मजरूआ भूमि, रैयतों का मुआवजा, जंगल झाड़ी, वन भूमि समेत अन्य संबंधित मामले को लेकर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को उत्पन्न होने वाले समस्याओं को लेकर आपस में समन्वय स्थापित कर मामले का निष्पादन जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा की जिन रैयतों का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है उसका नियमानुसार मुआवजा देना सुनिश्चित करें।

## आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक सम्पन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) की बैठक उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में की गई। राज्य सरकार के निदेशानुसार मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना अन्तर्गत अब तक प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में हल्का, अंचल निरीक्षक, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी से प्राप्त आवेदन जो उपायुक्त चतरा के लॉगिन में स्वीकृति हेतु भेजी गई है। इसे लेकर आज आपदा प्रबंधन की बैठक में समीक्षा के उपरांत सर्वसम्मती से बीस हजार आवेदनों को स्वीकृति दी गई।

## उपायुक्त ने विभिन्न कार्य योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक, दिये कई निदेश

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा क्रियान्वित योजनाओं डीएमएफटी फंड, अनावद्ध निधि, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना, पर्यटन कला संस्कृति एवं खेलकूद संबंधित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में पाया कि काम के अनुरूप व्यय का प्रतिशत स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें 15 से 30 दिनों के अंदर पूर्ण कर स्पष्ट रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उपायुक्त ने कहा कि सतगावां एवं मरकच्चो प्रखंड में पदाधिकारियों हेतु बनने वाले आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करें और बीडीओ एवं कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा जांच कराकर 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। वहीं उन्होंने कुछ योजनाओं का कार्य संवेदक द्वारा शुरू नहीं किये जाने पर संवेदक को नोटिस देते हुए कार्य अविलंब शुरू कराने का निदेश दिये अन्यथा काली सूची में नाम दर्ज कर दिये जाने की बात कही। वहीं उपायुक्त ने कहा कि ओल्ड एज होम एवं इंडोर स्टेडियम का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों को तेज गति से कार्य कर लक्ष्य हासिल करने एवं सभी रिपोर्ट्स में अभियुक्ति का कॉलम अवश्य रूप से डालने का निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से डीडीसी ऋतुराज व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## परसाबाद रेलवे स्टेशन पर टिकट बुकिंग काउंटर की मिली स्वीकृति, स्थानीय लोगों में हर्ष

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत परसाबाद रेलवे स्टेशन के बहुप्रतीक्षित मांगों का 30 दिसंबर को मिलेगी सौगात। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने परसाबाद रेलवे स्टेशन पर टिकट आरक्षण काउंटर का उद्घाटन करेंगे। उक्त आशय की जानकारी बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने देते हुए बताया की इस स्टेशन पर विभिन्न समस्याओं को लेकर जनता के सहयोग से हमने कई बार आंदोलन किया और आंदोलन का सार्थक पहल करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल समस्याओं का समाधान करते हुए उन्होंने परसाबाद रेलवे स्टेशन पर टिकट आरक्षण काउंटर का स्वीकृति दे दी। इसी नियमित 30 दिसंबर को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं विधायक अमित यादव के द्वारा टिकट आरक्षण काउंटर का उद्घाटन किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने टिकट ध्आरक्षण काउंटर की स्वीकृति मिलने पर स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मंत्री के प्रति आभार जताते हुए विधायक अमित यादव को बधाई दी हैं।

## घर से 96 बोतल शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कोठियार पंचायत के खजुरिया, घोडाकरण, मुर्गियाचक व पेट्रो जलप्रपात जंगल में रविवार को सुबह पुलिस, उत्पाद विभाग व वन विभाग के संयुक्त छापेमारी अभियान के दौरान महुआ शराब के 3 अवैध भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। वहीं सैकड़ों लीटर निर्मित शराब व अर्धनिर्मित शराब, करीब 8 क्विंटल जावा महुआ नष्ट किया गया। वहीं थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह ने बताया कि कोठियार पंचायत के विभिन्न जंगलों में शराब बनाने का अवैध कारोबार चल रहा है। छापेमारी के दौरान शराब कारोबारी फरार हो गये। छापेमारी अभियान में उत्पाद विभाग के ओमप्रकाश, वनरक्षी देवनारायण दास के अलावा स्थानीय पुलिस व जैप के जवान मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर शिवपुर पंचायत के वैधडीह में शनिवार की संध्या स्थानीय पुलिस, उत्पाद विभाग ने छापामारी कर गनौरी चौधरी के घर से ट्रेंच कंपनी के 180 एमएल के 96 पीस अवैध के साथ शराब तस्कर गनौरी चौधरी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

## शिक्षा का दीप जलाने वाली बसंती दीदी का निधन

कोडरमा। सीडी बालिका मध्य विद्यालय में लगभग दो दशक सहायक अध्यापक पद पर रहते हुए शिक्षा का दीप जलाने वाली बच्चों की चहेती दीदी बसंती का बीते दिनों निधन हो गया। अपने जिंदादिल हंसमुख अपने कार्य में समर्पित रहने वाली 49 वर्षीय शिक्षिका की आकस्मिक निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर है। उनके सरल स्वभाव और मुस्कान भरे चेहरे लोगों की आंखों से दूर नहीं हो रहे। लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित शिक्षिका की दो बार ओपन हार्ट सर्जरी हो चुकी थी। 10 वर्ष पूर्व ही वेलोर के डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था। इस बात से बेपरवाह अपने परिवार और कर्मक्षेत्र में ईमानदारी से अपने कर्तव्य को ना ही बखूबी निभाया बल्कि संघर्ष के साथ अनमोल जीवन को सबके साथ स्नेह और प्यार से जीने की समाज को प्रेरणा दे गई। वे कभी अपने तकलीफ लोगों के बीच जाहिर नहीं करती थी। शरीर में अनेक बीमारी समेटे चेहरे पर सदा मुस्कान बिखेरने वाली शिक्षिका बसंती कुमारी नेक कार्य और बच्चों के प्यार व दुआ ने उन्हें सबके बीच जिंदा रखे था।

# नव वर्ष के आगमन की तैयारी में जुटे सैलानी

## चंदवा के मां उग्रतारा नगर मंदिर, नेतरहाट, बेतला, सुग्गा बांध समेत पर्यटन स्थलो पर नववर्ष पर पहुंचते हैं हजारो सैलानी

**राजेश प्रसाद**


**लातेहार।** लातेहार जिले का प्राकृतिक सौंदर्य, संस्कृति एवं सभ्यता किसी पहचान की मोहताज नहीं है। नव वर्ष के मौके पर प्रकृति के गोद में बसे लातेहार जिले में पर्यटन स्थल गुलजार रहते हैं। लोग नई उम्मीदों के साथ बड़े से पठारी भू-भाग में फैले वनों की हरियाली, जलप्रपात ,झीले, नदियां, छोटी-छोटी पहाड़िया एवं सड़क किनारे हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच से बहती ठंडी हवाएं इसकी खूबसूरत फिजां के बीच नववर्ष की शुरूआत करने लातेहार आते है। जिले ने अपने अंदर नेतरहाट, बेतला नेशनल पार्क, लोध फॉल, मां उग्रतारा मंदिर, बूढ़ाघाघ, डाटम-पाटम, सुरकई घाघरी, अपर घाघरी, लोअर घाघरी व कांति झरना जलप्रपात, सुगा बांध, मिरचइया फॉल, कमलदह झील, ततहा गर्म जलकुंड, पलामू व नावागढ़ किला जैसे कई पर्यटन स्थल समेट रखा है। कनकनी व ठंड के बावजूद पहली जनवरी से पहले पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की उमड़ी भीड़ अभी से ही देखते बन रही है। कई होटल एक सप्ताह पूर्व से बुक हो चुके हैं। कहा जाए कि लातेहार की गोद में धरती का स्वर्ग छिपा है तो यह अतिशयोक्ति की बात नहीं होगी।


मां उग्रतारा नगर मंदिर


कांति झरना



बेतला नेशनल पार्क


सुग्गा बांध

### अटूट आस्था का प्रतिक है मां उग्रतारा मंदिर

चंदवा प्रखंड का मां उग्रतारा नगर मंदिर अटूट आस्था का प्रतिक है। प्रतिवर्ष लाखों लोग यहां मनोवांछित फल की कामना लिए पूजा-अर्चना करने आते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालू पूजा-अर्चना कर नए वर्ष की शुरूआत करते हैं। इसी प्रखंड क्षेत्र में प्रकृति की गोद में बसे चंदवा प्रखंड के दामोदर नदी का उद्द्गम स्थल चूल्हापानी, कांति झरना, नगर डैम, हिंडाल्को उद्यान, झुलझुनिया फॉल, देवनद नदी व 27 नंबर पुल भी है। अमझरिया ग्राम में एक वन विश्रामागार भी है, 2150 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह विश्रामागार सैलानियों को अपनी ओर खिंचता है। 1955 ई. में सरकार ने इसे कब्जे में लिया था। 1982-83 में यहां पर्वत-प्रिया नामक बंगला फिल्म की सूटिंग हुई थी।

### कांति झरना में जुटते है कई सैलानी

नव वर्ष के मौके पर चंदवा के कांति झरना, अमझरिया डाक बंगला, हिल्डाल्को पार्क, नव निर्मित देवनद तट स्थित ईको पार्क, चुल्हा पानी समेत कई पर्यटन स्थलो में हजारो लोग पहुंचेगे व नव वर्ष के शुरूआत करेंगे। नव वर्ष के मौके पर सबसे खास माहौल कांति झरना में देखने को मिलेगा जहां लातेहार, रांची, लोहरदगा समेत कई जिलो के हजारो पर्यटक वहां पहुंचेंगे। इसके अलावे चंदवा-लोहरदगा के सिमाने में स्थित 27 नंबर रेलवे ब्रिज में भी सैलानियों का आगमन क्रिसमस के बाद से देखने को मिल रहा है।

### विदेशी पर्यटक के लिय आकर्षण का केन्द्र होता है बेतला का नेशनल पार्क

बरवाडीह प्रखंड का बेतला नेशनल पार्क देश के गिने-चुने टाइगर प्रोजेक्टों में एक है। यहां से तीन किमी पर स्थित राजा मेदनीराय का प्रसिद्ध पलामू किला जिले की शान बढ़ाता है। जजर्रावस्था के बाद भी चेरो राजवंश मेदिनी राय की अनुपम कला अपनी अतीत को बयां करती है। बेतला पार्क में विचरण करते बाघ, चीता, भालू, सूअर, हिरण, चीतल, सांभर, हाथी, नीलगाय समेत पशु-पक्षियों की अठकेलिया बरबस अपनी ओर खींचती है। यहां विदेशी पर्यटक भी भ्रमण के लिए आते हैं।

### सैलानियों को सुग्गा बांध और बूढ़ाघाघ अपनी ओर करता है आकर्षित

गारू प्रखंड क्षेत्र का कुजरूम स्थल वन प्राणियों का आश्रय है। महुआडांड़ का बूढ़ाघाघ, सुरकई घाघरी जलप्रपात व सुगा बांध पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। ऊंचाई की दृष्टि से बूढ़ाघाघ जलप्रपात झारखंड राज्य के जलप्रपातों में पहले नंबर पर है। वहीं सूरकई घाघरी जलप्रपात जिले का दूसरा सबसे ऊंचा जलप्रपात कहा जाता है। इसके अलावे भी लातेहार जिले में कई पर्यटन व दर्शनीय स्थल हैं, जहां पूरे साल हजारों पर्यटकों की आवाजाही होती है।

**नेतरहाट तो वास्तव में नेचरहार्ट है :** प्रकृति का अप्रतिम सौंदर्य नेतरहाट तो वास्तव में नेचरहार्ट है। यह पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यहां सैलानी सनसेट एवं सनराइज के अलावे प्रेम के प्रतिक मैग्नोलिया प्वाइंट देखने आते हैं। यह 3000 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित है। ख्यातिप्राप्त शिक्षण संस्थान नेतरहाट आवासीय विद्यालय भी यहीं है, जो सबसे अधिक प्रतिभाशाली छात्रों को आवासीय सुविधा प्रदान कर शिक्षित करती है।

**राजगीर जैसा है ततहा गर्म जलकुंड :** लातेहार प्रखंड के सुकरी नदी के आगोश में छिपा हुआ सुशुप्तावस्था में ततहा गर्म व बरवाडीह प्रखंड के मंडल डैम परियोजन के समीप जलकुंड बिहार के राजगीर के गर्म जलकुंड का पर्याय बनने की सारी संभावनाएं स्पष्टद झलकती है। यह दोनों गर्म जलकुंड की शक्ति को समाहित करनेवाली तथा पीड़ाहर एवं चर्मरोग निवारक के नाम से यह गरम कुंड दूर-दूर तक प्रसिद्ध है।

### खबर मन्त्र की अपील पर्यटन स्थलो में बरते विशेष सावधानी

नव वर्ष के मौके पर पिकनिक व घुमने के लिए पर्यटन स्थलों में जाने वाले पर्यटको से खबर मन्त्र अपित करती है कि नव वर्ष के उमंग में हम सभी को सजग व सर्तक रहने की जरूरत है। पर्यटन स्थलो पर झरने व गहरी फॉल में जाने से बचें। प्रशासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पालन करें।

## उपायुक्त ने की जन शिकायत कोषांग की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# सारे संचिकाओं का निष्पादन यथाशीघ्र की जाए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग /जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जनता दरबार में आए लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में आए हुए विभिन्न विभागों के सभी लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जन शिकायत कोषांग अजय कच्छप को निर्देश दिया गया कि जिले में शिकायत से संबंधित सारे संचिकाओं का निष्पादन यथाशीघ्र की जाए। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से तालमेल कर शिकायतों का समाधान कराएं। उपायुक्त ने जिले में पेंशन संबंधित मामलों पर विचार विमर्श कर सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि जल्द से जल्द पेंशन संबंधी मामलों का निष्पादन किया जा सके। उपायुक्त ने जनता दरबार में प्राप्त बिजली, पानी से संबंधित मामलों को लेकर संबंधित पदाधिकारी को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिए।



समीक्षा बैठक में शामिल उपायुक्त व अधिकारी

उपायुक्त ने शिक्षा विभाग से संबंधित मामलों पर आए आवेदनों की जानकारी लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने ऐसे मामले जिनका निष्पादन हो गया है उनको संचिका सूची से बाहर किए जाने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा, आईटीडीए निदेशक विंदेश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार,जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जन शिकायत कोषांग पदाधिकारी अजय कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कोरोना से बचाव को लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं को करें सुदृढ़ : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** कोरोना संक्रमण के नए वेरिएंट बीएफ-7 के प्रसार को रोकने एवं इससे बचाव को लेकर उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिला स्तर पर संक्रमण के रोकथाम को लेकर किए गए कार्यों एवं इसके ईलाज हेतु जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा किए जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल स्थित आईसीयू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्थित पाइपलाइन आधारित ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड को क्रियाशील बनाये रखने को लेकर निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा की कोविड संक्रमण से बचाव के लिए सभी तैयारी ससमय पूर्ण कर लें। बैठक में कोविड संक्रमण से बचाव हेतु मास्क का प्रयोग, सोशल डिस्टेंसिग समेत अन्य कोविड गाइडलाइन का अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कोरोना के नए वेरियंट बीएफ-7 के मद्देनजर दूसरे राज्यों से आने वाले व्यक्तियों पर निगरानी रखने व कोविड टेस्टिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, चिकित्सक, डीपीएम, एम ओआईसी, उपस्थित थे।


बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व शामिल अधिकारी

# भारत को एजजूट करना यात्रा का उदेश्य : पप्पू

**बारियातू।** कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा सोमवार को बारियातू प्रखंड के गोनिया पंचायत के बिश्रामपुर से प्रारंभ होकर शिबला पंचायत के जगरातरी तक प्रखंड अधयक्ष रीगन कुमार के नेतृत्व किया गया। भारत जोड़ो यात्रा गोनिया पंचायत मुख्यालय से बिश्रामपुर से शुरू होकर राजगुरु, शिबला होते हुए जगरातरी तक भ्रमण किया। भारत जोड़ो यात्रा में शामिल कांग्रेस जिला प्रभारी पप्पू पासवान ने कहा कि कांग्रेस भारत को एकजुट करने व मजबूत बनाने के लिए पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक पैंतीस सौ किमी की भारत जोड़ो यात्रा कर रहे है। इसी कार्यक्रम के तहत लातेहार जिले के सभी प्रखंडो के सभी पंचायतों में उपरोक्त कार्यक्रम कर रही है। कांग्रेस ही सुदूरवर्ती क्षेत्रो का विकास कर सकती है। यात्रा का नेतृत्व कर रहे प्रखंड अध्यक्ष रीगन ने कहा कि कांग्रेस घर घर जाकर कांग्रेस की नीति सिद्धांतो से अवगत करा रही है। साथ ही सभी के दुख सुख में शामिल हो रही है। भारत जोड़ो यात्रा में मुख्य रूप से लाल आशीष नाथ शाहदेव, मुमताज अंसारी, सत्तार, दीपक उरांव, कोले उरांव, जमालुद्दीन, अशोक, मुंशी लाल पाल, जफरुद्दीन, पुनिया देवी, छंटनी देवी, मुनिया देवी, सुनीता देवी, जागो देवी सहित कई कांग्रेसी शामिल थे।

### दर्जनो युवाओं ने खेल सेंटर खोलने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रो से दर्जनों युवक युवती खिलाड़ियों ने बारियातू मे खेल सेंटर खोलवाने की मांग को लेकर बीडीओ के नाम क्लर्क अजय मुंडा को आवेदन सौंपा।आवेदन के माध्यम से खिलाड़ियों ने बताया है की बारियातू प्रखंड मे नौ पंचायत है। लेकिन अभी तक एक भी खेल सेंटर नही खुला है।जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवक युवतियों को फुटबाल सहित अन्य खेल बेहतर तरिके से नही खेल पाते है। बारियातू मे खेल सेंटर नहीं रहने के कारण खेल से सम्बंधित विस्तृत जानकारी भी नही मिल पाती है। जिसके कारण यहां के खिलाडी बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते है। साथ ही खेल के लिए एक कोच की भी आवश्यकता है ,कोच बारियातू प्रखंड क्षेत्र का होना चाहिए ताकि स्थानीय भाषा व तौर तरीका से खेल सिखाते हुए खेलने वाले खिलाड़ियों को मानसिक विकास करवा सके। मौके पर श्याम सुन्दर उरांव, मिना कुमारी, लालदीप उरांव, बिनोद कुमार, महेंद्र उरांव, नागेंद्र कुमार, मोहन कुमार, बालकिशुन उरांव सहित कई युवक युवति खिलाड़ियों ने जिले के उपायुक्त, क्षेत्रीय सांसद व विधायक से खेल सेंटर खोलवाने की गुहार लगाई है।

### संघ का समन्वय बैठक में शामिल हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के थाना चौक स्थित होटल द ब्लिस्स में संघ का समन्वयक बैठक संपन्न हुआ। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह शामिल हुये। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 12 जनवरी 2023 को स्वामी विवेकानंद के जयंती के शुभ अवसर पर प्रखंड बालूमाथ में जन जागरण सांस्कृतिक उत्सव सह लोक नृत्य समागम हो रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं अपने क्षेत्र के तीन संघ पदाधिकारी का आगमन हो रहा है। इस बैठक में मंच पर मुख्य रूप प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, जिला परिषद् अध्यक्षा पूनम देवी, धर्म जागरण जिला समन्वय सह जिला मंत्री ध्रुव कुमार पांडेय, जिला संघ सह कार्यवाह धनंजय, जिला संयोजक धर्म रक्षा समिति लातेहार चेतलाल राम दास के साथ साथ तमाम संघ के आनुषंगिक इकाई के जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारी एवं तमाम हिंदू धर्म प्रेमी बैठक में उपस्थित रहे।

### वाहन चेकिंग चला

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए सोमवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना चौक पर लातेहार जिला उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत पकड़े गए वाहन की कागजात और हेलमेट की जांच की गई। इस दौरान करीब दो दर्जन बाइकों को जिला परिवहन कार्यालय के कर्मियों द्वारा जप्त की गई जिसमें मौके पर ही 14 बाइक के मालिकों ने एक 1000 का जुमार्ना लेकर छोड़ा गया। इस दौरान बालूमाथ थाना के पुलिस अवर निरीक्षक एएस आई अभिमन्यु कुमार सिंह जय नारायण मेहता के साथ-साथ जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी ऋषि राज और रजनीकांत शर्मा ने मौजूद रहकर चालान काटा।

## एक नजर में

### चंदवा पूर्वी और पश्चिमी की आंगनबाड़ी सेविकाओं को बीच स्वेटर किया गया वितरण

चंदवा। सेविकाओं के माध्यम से आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया जाएगा। इसे लेकर सोमवार को प्रखंड सह अंचल सह बाल विकास सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। प्रमुख मनीषा उरांव, बीडीओ विजय कुमार, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चैधरी, चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव, पश्चिमी मुखिया संगीता लकड़ा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान और अन्य ने आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के बीच बांटे जानेवाले स्वेटर का वितरण सेविकाओं के बीच किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर वितरण किया जा रहा है। उनकी जिम्मेवारी है कि समय पर बच्चों के बीच स्वेटर वितरित हो जाए। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका ज्योति बाला, मीरू झा, श्रीराम शर्मा, शोभा देवी, लीना साह, अरबिंद कुमार के साथ कुसुमटोली, धोबीटोला, पतराटोली, तिलैयाटाड़, मेनरोड, डेमटोला, गेरूआगढ़ा, चिकनियाटाड़, थानाटोली आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका और अन्य मौजूद थे।

### चंदवा में उत्पाद विभाग व पुलिस ने नष्ट किया 270 लीटर महुआ शराब व जावा

चंदवा। आगामी नव वर्ष पर अवैध शराब की बिक्री पर रोक को लेकर लातेहार उत्पाद विभाग की टीम ने चंदवा पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत गोली व गेरुआगढ़ा गांव में शराब बिक्री व बनाने के कई ठिकानो पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान कई ठिकानों से महुआ शराब व जावा को नष्ट कर दिया। इस दौरान टीम ने लगभग 1400 किलो तैयार जावा महुआ व 270 लीटर देशी शराब को विनष्ट कर दिया गया। हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही शराब बेचने के व्यवसाय से जुड़े लोग रफूचक्कर हो गए। इधर अभियान के बाद अवैध शराब के व्यवसाय से जुड़े लोगों में हड़कंप देखा जा रहा है।

### वनवासी कल्याण केंद्र का स्थापना दिवस मनाया गया

**लातेहार।** शहर के द होटल ब्लीस में सोमवार को वनवासी कल्याण केंद्र का स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ग्राम विकास के प्रमुख बिंदेश्वर साहु ने कहा कि वनवासी कल्याण केंद्र के स्थापना के 70 वर्ष पूरे हो रहे हैं. वनवासी कल्याण केंद्र का मुख्य उदेश्य जनजाति समुदायों के धर्म, संस्कृति, परंपराओं का संरक्षण करना है. इस लक्ष्य प्राप्ति के लिए हमें संकल्प लेना है।

### बालूमाथ में ताला तोड़कर किराना दुकान से चोरी

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में एक किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने करीब तीस हजार का समान चोरी कर लिया। इस संबंध में दुकान के संचालक लालदेव राम पिता नान्हू राम ग्राम गणेशपुर थाना बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर बताया की वह गांव में ही किराना दुकान चलाता है शनिवार देर रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर खाने पीने का सामान सहित कुछ नगद पैसा कुल मिलाकर 30हजार का सामान चुरा लिया।

# शहीदों की मिट्टी से भरे कलश को लेकर अहीर रेजिमेंट की मांग तेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत अंतर्गत स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में दिन रविवार को प्रांतीय यादव महासभा मनिका के यदुवंशियों के द्वारा रेजांगला की 114 शहीदों को श्रद्धांजलि देने एवं अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित यदुवंशियों ने भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर आरती कर एवं फूलमाला चढ़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अहीर रेजिमेंट की मांग को बुलंद करने के लिए व्यास नागेंद्र यादव द्वारा अहिर रेजीमेंट पर गाने के माध्यम से यदुवंशियों की आवाज बुलंद किया गया। प्रखंड क्षेत्र में प्रांतीय यादव महासभा के द्वारा रेजांगला के वीर शहीद अहीर सैनिकों के सम्मान में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का स्वागत शिव मंदिर के प्रांगण में किया गया। जहां सभी यदुवंशियों ने बारी-बारी से कलश पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वहीं कलश यात्रा वाहन पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर पलामू के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान लोगों ने अहीर रेजिमेंट का गठन करने को लेकर,रेजांगला के शहीद अमर रहे,यादव महासभा जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

इस सम्बन्ध में प्रांतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर यादव ने बताया कि यह कलश यात्रा सन 1962 में चीन-भारत युद्ध के दौरान रेजांगला (लद्दाख) में शहीद वीर अहीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु महासभा की राष्ट्रीय समिति द्वारा प्रायोजित है। कलश यात्रा को प्रांतीय यादव महासभा द्वारा झारखण्ड राज्य के प्रत्येक जिला में भ्रमण प्रारम्भ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि महासभा द्वारा रेजांगला धाम से ही शहीदों के पवित्र मिट्टी को भरकर कलश में लाया गया है। उल्लेखनीय है कि 18 नवंबर 1962 को लेह-लद्दाख की दुर्गम और बफीर्ली पहाड़ियों पर 13 कुमाऊं की चार्ली कंपनी के मेजर शैतान सिंह के नेतृत्व में तीन कमीशन अधिकारियों समेत 124 जवानों ने 1300 से अधिक चीनियों से लोहा लिया था। युद्ध में चार्ली कंपनी के 124 जवानों में शामिल 114 अहीर जवान भी शहीद हो गए थे। वीरों का पराक्रम और साहस देखकर चीनी सैनिक भी नतमस्तक हो गए थे। रेजांगला में आज भी इसके सबूत मौजूद हैं। विगत कई वर्षों से देश में अहीर रेजिमेंट गठन की मांग की जा रही है। श्री यादव ने बताया कि यह पहला एक सामाजिक संगठन है जो अपने शताब्दी समाहरोह में प्रवेश कर रहा है। झारखंड में इसका उद्धघाटन जनवरी माह में देवघर स्थित बाबा धाम में किया जायेगा जिसमें देश भर से प्रतिनिधि शामिल होंगे। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पितांबर यादव,प्रदेश कमिटी रंजन यादव, रिटायर सैनिक हृदानंद यादव, प्रदेश कमेटी के बली प्रसाद यादव,जिला अध्यक्ष वृंदबिहारी प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव, प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद यादव, सचिव दामोदर यादव, प्रखंड कोऑर्डिनेटर गुलाब चंद यादव,सेठा यादव ,समौधी यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, अंजू यादव, मनोज यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष सह समाजसेवी जितेंद्र प्रसाद यादव, बच्चन कुमार यादव, प्रदीप यादव, गंगेश्वर यादव, दरोगी यादव, अरविंद यादव, परमानंद यादव, सागर कुमार यादव, प्रखंड मीडिया प्रभारी रुपेश यादव,समेत हजारों लोग उपस्थित थे।

